Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Need to review the decision to reduce the financial grant provided to women's studies centres by UGC-laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर) संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य में शामिल महिला सशक्तिकरण के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए देश में यूजीसी के माध्यम से विभिन्न स्टडीज सेंटर स्थापित किए गए हैं । 12 मार्च 2019 को विमिन स्टडीज सेंटर के लिए सरकार ने नई गाइडलाइंस जारी की है जिसमें कुछ नए प्रावधान बनाए गए हैं जो कि इन सेंटर के सुचारू रूप व विस्तार कार्य करने में कठिनता निर्माण कर सकता है । यह विमिन स्टडीज सेंटर समाज में महिलाओं के प्रति सशक्तिकरण के उद्धत उद्देश्य से गठित किए गए हैं जिससे महिलाओं का स्थान समाज में सामाजिक, राजकीय, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा शिक्षा में ऊंचा हो तथा समाज में भिन्न कारणों से पीड़ित महिलाओं को भी इस समाज में अपना स्थान निर्माण करने में सहायता मिले । हाल ही में इन सेंटर्स के अनुदानों की भारी मात्रा में कटौती यूजीसी ने की है जिसके चलते बहुत ऐसे विमिन स्टडीज सेंटर बंद होने के कगार पर हैं जिससे वे उचित योगदान देने में असमर्थ होंगे, मैं इस कार्य से जुड़े इन विमिन स्टडीज सेंटर को पूर्व की भांति अनुदान मिले, ऐसी मांग करती हूं जिससे यह सेंटर जिनका मुख्य हेतु / उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गठित किए गए हैं, उस अनुसार कार्य करें जिससे महिलाओं को इस समाज में लैंगिक समानता बढ़ाने में मदद मिले । देश में ऐसे नए और ज्यादा केंद्रों को स्थापित/ निर्माण करने की भी मैं मांग करती हूं जिसका सीधा उपयोग महिला सशक्तिकरण के लिए होगा ।